भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र

डाकघर-केट
इंदौर-452013.

विज्ञापन सं. आरआरकेट-2/2011

आवेदन-पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि: **20.01.2012**

**<u>निम्नलिखित पदों की भर्ती हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:-</u>**

| पद कोड | पद | योग्यता | वांछित अनुभव | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| I | वैज्ञानिक अधिकारी/सी (कंप्यूटर) | कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक (60% अंक या समतुल्य सीजीपीए ) के बाद कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर इंजीनियरिंग में एम.ई./एम.टेक में न्यूनतम 60% अंक या उसके समतुल्य सीजीपीए | जावा, जावा सर्वलेट्स आदि में सॉफ्टवेयर विकास का अनुभव. ओरेकल आरडीबीएमएस का ज्ञान। | 01<br><br>(अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित) |
| II | तकनीकी अधिकारी/सी (यांत्रिकी) | बी.ई (यांत्रिकी) में न्यूनतम 60% अंक या समतुल्य सीजीपीए | **वांछनीय अनुभव:** भवन एयर कंडीशनिंग कार्यों की योजना एवं कार्य-निष्पादन का 2 वर्ष का अनुभव<br><br>**कार्य विवरण:** एचवीएसी और अन्य यांत्रिकी उपयोगिताओं से संबंधित कार्यों की योजना, डिजाइन तथा कार्य-निष्पादन | 01<br><br>(अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित) |
| III | वैज्ञानिक सहायक/बी (सिविल) | सिविल में डिप्लोमा में न्यूनतम 60% अंक (तीन वर्ष एसएससी के बाद) | **वांछनीय अनुभव:** सिविल निर्माण कार्यों में 2 वर्ष का अनुभव<br>**कार्य विवरण:** सिविल कार्यों का पर्यवेक्षण, अनुमान तथा लागत निर्धारण | कुल 06 पद<br><br>3- कंप्यूटर<br>1-सिविल<br>1- रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग<br>1- उद्यान<br><br>(05 अनारक्षित, 01-अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित) |
| IV | वैज्ञानिक सहायक /बी (रेफ्रिजरेशन तथा एयर कंडीशनिंग) | रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग में डिप्लोमा में न्यूनतम 60% अंक (तीन वर्ष एसएससी के बाद) | **वांछनीय अनुभव:** एचवीएसी कार्यों के निर्माण और कमीशनिंग का 2 वर्ष का अनुभव<br>**कार्य विवरण:** एचवीएसी कार्यों का पर्यवेक्षण, अनुमान तथा लागत निर्धारण। | |
| V | वैज्ञानिक सहायक/बी (उद्यान) | उद्यान/कृषि में बी.एससी में न्यूनतम 60% अंक | **वांछनीय अनुभव:** उद्यान में 2 वर्ष का अनुभव<br>**कार्य विवरण:** बागवानी तथा पौधारोपण योजनाओं का पर्यवेक्षण | |
| VI | वैज्ञानिक सहायक/बी (कंप्यूटर) | कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/सूचना प्रौद्योगिकी में तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा (दसवीं/एसएससी या समतुल्य के बाद) में न्यूनतम 60% कुल अंक या बी.एससी (कंप्यूटर विज्ञान) में न्यूनतम 60% कुल अंक । बी.एससी (कंप्यूटर विज्ञान) में कम से कम चार सेमेस्टरों में संपूर्ण रुप से कंप्यूटर विज्ञान के विषय शामिल होने चाहिए। | जावा, जेएसपी, एसक्यूएल, लिनेक्स आदि | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| VII | वैज्ञानिक सहायक/बी (कंप्यूटर) | बी.एससी (कंप्यूटर विज्ञान) में न्यूनतम 60% अंक | -- | 1-सुनने में असमर्थ (पीडी) /शारीरिक विकलांग (ओएल, ओए) |
| नोट -1. कम सुनाई देना यानि कम सुनाई देने की निःशक्तता से बेहतर कान में बातचीत स्वरुप की श्रेणी की आवृत्तियों में 60 डेसीबल अथवा उससे अधिक का लोप अभिप्रेत है ।<br>2. शारीरिक विकलांगता 40 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए ।<br>3. पीडी - आंशिक बहरा, ओएल- एक टांग ग्रसित, ओए- एक बांह ग्रसित । | | | | |
| VIII | तकनीशियन/बी (प्लंबर) | विज्ञान और गणित विषयों के साथ एचएससी या एसएससी में न्यूनतम 60% अंक तथा प्लंबिंग ट्रेड में एक वर्ष की अवधि का ट्रेड सर्टिफिकेट | **वांछनीय अनुभव:** निर्माण क्षेत्र में 2 वर्ष का अनुभव<br>**कार्य विवरण:** पाइपलाइनों, सीवर लाइनों और प्लंबिंग जोड़ों को बिछाना, परीक्षण और मरम्मत | कुल 06 पद<br>1- प्लंबर<br>2- मेसन<br>3- एयर कंडीशनिंग<br>(05-अनारक्षित, 01-एसटी के लिए आरक्षित) |
| IX | तकनीशियन/बी (मेसन) | विज्ञान और गणित विषयों के साथ एचएससी या एसएससी में न्यूनतम 60% अंक तथा मेसनरी ट्रेड में एक वर्ष की अवधि का ट्रेड सर्टिफिकेट | **वांछनीय अनुभव:** निर्माण क्षेत्र में 2 वर्ष का अनुभव<br>**कार्य विवरण:** मेसनरी कार्य और कार्य-निष्पादन | |
| X | तकनीशियन/बी (एयर कंडीशनिंग) | विज्ञान और गणित विषयों के साथ एचएससी या एसएससी में न्यूनतम 60% अंक तथा एयर कंडीशनिंग ट्रेड में एक वर्ष की अवधि का ट्रेड सर्टिफिकेट | **वांछनीय अनुभव:** एचवीएसी संस्थापनाओं के निर्माण/अनुरक्षण का 2 वर्ष का अनुभव<br><br>**कार्य विवरण:** रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग संस्थापनाओं का परीक्षण तथा अनुरक्षण | |

**<u>वेतन मान तथा कुल परिलब्धियां (वर्तमान दरों के अनुसार) :</u>**

| पद कोड | पद का नाम तथा वेतनमान | प्रारंभिक वेतन | | |
|---|---|---|---|---|
| | | वेतन बैंड में वेतन | ग्रेड वेतन | समस्त भत्तों को मिलाकर कुल परिलब्धियां (लगभग) |
| I एवं II | वैज्ञानिक अधिकारी 'सी'/तकनीकी अधिकारी 'सी' - पीबी-3, ₹ 15600-39100 तथा ग्रेड वेतन ₹5400/- | ₹ 15600/- | ₹ 5400/- | ₹ 40,000/- |
| III से VII | वैज्ञानिक सहायक/बी- पीबी-2, ₹ 9300-34800 तथा ग्रेड वेतन ₹ 4200/- | ₹ 9300/- | ₹ 4200/- | ₹ 25,000/- |
| VIII से X | तकनीशियन/बी- पीबी-1, ₹ 5200-20200 तथा ग्रेड वेतन ₹ 2000/- | ₹ 6460/- | ₹ 2000/- | ₹ 15,000/- |

**<u>अतिरिक्त वित्तीय लाभ</u>**

नियमों के अंतर्गत यथा देय सामान्य वेतन और भत्तों के अतिरिक्त अर्थात् मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता आदि के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के तहत आकर्षक वित्तीय लाभ पाने के हकदार हैं । ये लाभ विभाग की विशेष स्थिति को ध्यान में रखकर दिए जाते हैं और सरकार द्वारा इसकी समय-समय पर समीक्षा की जाती है ।

## आवेदन कैसे करें

1. आवेदन–पत्र की एक प्रति विज्ञापन में दिये गये प्रपत्र के अनुसार ए 4 आकार के पेपर में प्रस्तुत करना चाहिए । आवेदन–पत्र टंकित हो तो अच्छा रहेगा ।

**जो उम्मीदवार ऑन-लाइन आवेदन करना चाहते हैं, वे कृपया वेबसाइट http://www.rrcat.gov.in देखें तथा नीचे लिखा अनुदेश नं 12 सावधानीपूर्वक पढ़ें । ऑन-लाइन आवेदन, आवेदन प्राप्ति की तिथि से एक सप्ताह पूर्व बंद हो जाएगा ।**

2. आवेदन–पत्र और लिफाफे पर नीचे दिये गये अनुसार लिखा होना चाहिए ।

| पद के लिए आवेदन–पत्र | पद कोड | पद |
|---|---|---|
| | | |

3. यदि उम्मीदवार एक से ज्यादा पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन–पत्र प्रस्तुत किये जाने चाहिए ।

4. फोटोग्राफ: मूल आवेदन–पत्र के दाहिने हाथ के ऊपरी कोने पर पासपोर्ट आकार का स्वसत्यापित नवीनतम फोटो चिपकाना चाहिए।

5. प्रमाण–पत्रों की प्रतिलिपियाँ : उम्मीदवारों को अपने आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित अंकतालिकाओं/प्रमाण–पत्रों की एक–एक सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करनी चाहिए :
   - क) शैक्षिक योग्यताएँ एवं तकनीकी योग्यताएँ।
   - ख) जन्म–तिथि
   - ग) उनका दावा कि वे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/अन्य पिछड़ा वर्ग के/खिलाड़ी है ।
   - घ) अनुभव, विशेषरूप से किए गए कार्य का उल्लेख करते हुए ।

6. नोट : (क) केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को अपने आवेदन–पत्र उचित माध्यम से भेजना चाहिए । तथापि वे अपने आवेदन–पत्र की एक अग्रिम प्रति ऊपर लिखे संलग्नकों के साथ नीचे दिये गये पते पर भेज सकते हैं । **अभ्यर्थियों को परीक्षा/साक्षात्कार के समय नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।**
   (ख) पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन–पत्र निम्नलिखित पते पर भेजे जाने चाहिए :–

**प्रशासनिक अधिकारी – III**
**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र,**
**परमाणु ऊर्जा विभाग,**
**डाक घर : केट, इन्दौर–452 013.**

7. चेतावनी : ऐसे आवेदन–पत्र, जो विज्ञापन में उल्लेखित आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं – **अर्थात्** आवेदन-पत्र, जो निर्धारित प्रपत्र में नहीं हैं, जिसके साथ पासपोर्ट आकार का स्वसत्यापित फोटो तथा प्रमाण–पत्रों की सत्यापित जेराक्स/फोटो प्रतियाँ संलग्न नहीं है, अस्वीकार किये जाने की संभावना है ।
8. विज्ञापन में दर्शाई गई जरूरतों को सिर्फ पूर्ण करने से ही प्रत्याशी साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं हैं । जहां इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन–पत्रों की संख्या अधिक है तथा इस केन्द्र के लिए सभी उम्मीदवारों का साक्षात्कार करना व्यवहार्य नहीं है, तो यह केन्द्र, प्राप्त अंकों के प्रतिशत और दीर्घकालीन अनुभव के आधार पर साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की संख्या सीमित कर सकता है ।

9. आवेदित पद हेतु निर्धारित योग्यता से अधिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवार, जो उच्च पदक्रम में नियुक्ति के पात्र बन जाते हैं, ऐसे उम्मीदवारों के आवेदनों पर, अधिक योग्यता के कारण विचार नहीं किया जाएगा ।

10. साक्षात्कार/नियुक्ति के लिए चयनित नहीं होने वाले उम्मीदवारों से किसी भी तरह का पत्र–व्यवहार नहीं किया जाएगा।

11. **किसी भी प्रकार के प्रभाव/सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।**

12. **ऑन-लाइन आवेदन करने वाले उम्मीदवार आवेदन की हस्ताक्षरित प्रति (ऑन लाइन सॉफ्टवेयर का उपयोग कर तैयार की गई) उपर्युक्त अनुदेश नं0 6 बी में लिखित पते पर संबंधित प्रमाण-पत्रों की प्रतियों के साथ अवश्य भेजें । इस आवेदन की हार्ड प्रति आवेदन प्राप्ति की तिथि को या इससे पूर्व अवश्य पहुंच जानी चाहिए ।**
13. **"सरकार एक ऐसे कार्यदल को बनाने का प्रयास कर रही है जो लिंग समानता को प्रतिबिंबित करे तथा महिलाओं को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करे ।"**

आवेदकों की जानकारी के लिए सामान्य शर्तें

1. दिनांक **20.01.2012 को** आयु सीमा :

| | | |
|---|---|---|
| पद कोड-I से VII तक के पद हेतु | : | 18 वर्ष से 30 वर्ष के बीच |
| पद कोड-VIII से X तक के पद हेतु | : | 18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच |

2. आयु **सीमा** में छूट

| | | |
|---|---|---|
| क) अजजा | : | 5 वर्ष |
| ख) अपिव | : | 3 **वर्ष** |

**नोट** : **उपरोक्त** आयु सीमा में छूट केवल संबंधित श्रेणियों के आरक्षित पदों के लिए लागू है।

केन्द्र सरकार में नौकरी हेतु लागू निर्धारित प्रप्रत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडी जाति से संबंधित प्रमाणपत्र**।** आयु में छूट एवं आरक्षण हेतु अन्य पिछडा वर्ग मतलब " अन्य पिछडे वर्ग के वो व्यक्ति जो " नवोन्नत वर्ग " से संबंधित नहीं है, जिसका वर्णन भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. 36012/22/93–स्था.(एससीटी) दिनांक 08.09.1993 में उ**ल्लिखित** है और ज्ञापन सं. 36033/3/2004–स्था. (आरईएस) दिनांक 09.03.2004 और ज्ञापन सं. 36033/3/2004–स्था.(आरईएस) दिनांक 14.10.2008 द्वारा आशोधित है ।

ग) **शारीरिक विकलांग व्यक्ति** :अधिकतम 5 (पांच) वर्षों तक, पद कोड सं. VII के लिए आवेदन करने वाले उन निशक्त अभ्यर्थियों के लिए जिन्हें कम सुनाई देता हो या जो शारीरिक रूप (एक पैर या एक बांह प्रभावित हो) से निश्क्त हो, (अधिकतम 10 वर्ष अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के लिए और 8 वर्ष अन्य पिछडा वर्ग उम्मीदवारों के लिए )

**नोट** : केन्द्र सरकार द्वारा निशक्तता से ग्रसित व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण तथा पूर्ण प्रतिभागिता) अधिनियम 1995 (1996 के 1) की धारा 73 की उप धारा (1) व (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 31.12.1996 को अधिसूचित निशक्तता से ग्रसित व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण तथा पूर्ण प्रतिभागिता) नियमावली के अनुसार केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा निशक्तता प्रमाण–पत्र जारी करना होगा ।

घ) 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों/परिवार के सदस्यों को उपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट स्वीकार्य है । इस आशय का सबुत प्रस्तुत करना होगा कि 1984 के दंगों में वे प्रभावित हुए थे ।

ड) भूतपूर्व सैनिक :उम्मीदवार की वास्तविक आयु से सशस्त्र सेना सेवा की सेवा–अवधि घटाने के बाद परिणामिक उम्र, संबंधित सेवा पद के लिए निर्धारित अधिकतम ऊपरी आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

च) सरकारी कर्मचारी :केन्द्र सरकार के आदेशों के अनुसार ।

3. उन सभी व्यक्तियों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट अनुमेय है जो जम्मू कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर 1989 तक की अवधि के दौरान अधिवासी रहें हैं बशर्ते कि संबंधित नियमों के अंतगर्त अनुमेय अवसरों की अधिकतम संख्या के अनुसार किसी भी परीक्षा में भाग लेने हेतु ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाती है

निवास सबूत के संबंध में प्रमाणपत्र– जो व्यक्ति नियम 3 के अंतर्गत अनुमेय आयु सीमा की छूट का लाभ उठाना चाहते हैं उन्हें एक प्रमाणपत्र देना होगा :–

(क) जम्मू कश्मीर संभाग के जिला मजिस्टेट से जिसके क्षेत्राधिकार में वे मूलरूप में रहते थे

अथवा

(ख) कोई अन्य प्राधिकारी जो जम्मू–कश्मीर सरकार की ओर से पदनामित किया गया हो उससे इस आशय का प्रमाण–पत्र देना होगा कि वे जम्मू–कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक की अवधि के दौरान मूल रूप से अधिवासी थे ।

4. साक्षात्कार आरआरकेट इन्दौर में आयोजित किया जाएगा । पद कोड I व II के पद के लिए बाहर के स्थानों से साक्षात्कार हेतु बुलाए गए उम्मीदवारों को रेल/बस की टिकटें प्रस्तुत करने पर लघुतम मार्ग से आने–जाने का शयनयान श्रेणी के रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी । पद कोड III से X के पदों के लिए बाहर के स्थानों से साक्षात्कार हेतु बुलाए गए केवल अजा/अजजा के उम्मीदवार रेल/बस की टिकटें प्रस्तुत करने पर लघुतम मार्ग से आने–जाने का शयनयान श्रेणी के रेल किराए की प्रतिपूर्ति के लिए **पात्र** हैं **। बशर्ते** वे केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों/स्थानीय शासन/पंचायत आदि में कार्यरत **नहीं हैं ।**

5. इस विज्ञापन के तहत चयनित किये गये उम्मीदवारों को इंदौर में तैनात किये जाने की संभावना है, लेकिन वे भारत में और परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक ईकाई में सेवा करने के उत्तरदायी होंगे ।

**************